# बिन तेरे दर्शन के बाबा दिल मेरा ये लगता नहीं भजन लिरिक्स

बिन तेरे दर्शन के बाबा,
दिल मेरा ये लगता नहीं,
कब आऊंगा मैं तेरे दर पे,
हर पल मन मेरा कहता यही,
बिन तेरे दर्शंन के बाबा,
दिल मेरा ये लगता नहीं।bd।

तर्ज – रो रो कर फरियाद करा हाँ।

---

पीर हुई है जग में भारी,
सबको आस तुम्हारी है,
हर दिन बाबा लोग है मरते,
कैसी ये महामारी है,
कुछ तो बोलो नाथ दयालु,
रोग भयंकर रुकता नहीं,
बिन तेरे दर्शंन के बाबा,
दिल मेरा ये लगता नहीं।bd।

---

जब जब संकट आया जग में,
तुमने ही अवतार लिया,
राम रूप में कृष्ण रूप में,
सबका ही उद्धार किया,
आज ज़रूरत आन पड़ी है,
क्या तुमको ये लगता नहीं,
बिन तेरे दर्शंन के बाबा,
दिल मेरा ये लगता नहीं।bd।

---

हारे हुए का साथ निभाना,
हर दम तेरा काम रहा,
दीनो को भव पार लगाना,
खेवनहार तेरा नाम रहा,
‘कमला’ की अर्ज़ी पे बाबा,
आज ये संकट हरता नहीं,
बिन तेरे दर्शंन के बाबा,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

दिल मेरा ये लगता नहीं।bd।

बिन तेरे दर्शन के बाबा,
दिल मेरा ये लगता नहीं,
कब आऊंगा मैं तेरे दर पे,
हर पल मन मेरा कहता यही,
बिन तेरे दर्शंन के बाबा,
दिल मेरा ये लगता नहीं।bd।

**Singer – Sonu Sharma**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com